विद्याज्ञान
॥ विद्या परम् ऐश्वर्यम् ॥

एस0 के0 माहेश्वरी
I.A.S. (Retd.)
परियोजना निदेशक, विद्याज्ञान स्कूल

ए–9, सैक्टर–03, नौएड़ा
जनपद–गौतम बुद्ध नगर, (उ0प्र0)

प्रेषित किये गये सूचना पत्र का नमूना

पत्रांक संख्या : विद्याज्ञान / 2024–25 / X / XXX...
ओ0एम0आर0 सीट नम्बर / यूनीक नम्बर –XX..... अनुक्रमांक नम्बर – XX..... दिनांकः **16.12.2024**

विषयः विद्याज्ञान स्कूल अकादमिक वर्ष–2025–26 में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आयोजित मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु सूचना।

प्रिय अभिभावक,

विद्याज्ञान स्कूल में **कक्षा 6** में प्रवेश हेतु 01 दिसम्बर, 2024 को आयोजित प्रारम्भिक लिखित परीक्षा के मूल्यांकन के उपरान्त अभिज्ञात किये गये श्रेष्ठ मेधावी विद्यार्थियों के मध्य मुख्य परीक्षा इस पृष्ठ के पीछे संलग्न विवरण (पहुँच मार्ग का मानचित्र आदि संलग्न) के अनुसार नियत परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं नियत समय पर अपने होनहार को आगे वर्णित तैयारी के साथ पहुँचा कर मुख्य परीक्षा 2025–26 में सम्मिलित कराने का कष्ट करें।

2. मुख्य परीक्षा **'लिखित परीक्षा'** के रूप में होगी। आपको यह परामर्श दिया जाता है कि कृपया परीक्षार्थी के परीक्षा कक्ष में पहुँचने से पूर्व निर्देषों का गहन अध्ययन अवश्य कर लें जिससे परीक्षार्थी में आत्म विश्वास जागृत हो सकेगा। इस पत्र में अंकित उपरोक्त 'अनुक्रमांक / यूनीक नम्बर' के आधार पर ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश प्राप्त हो सकेगा।

3. विद्याज्ञान स्कूल में **कक्षा 6** में प्रवेश प्रक्रिया अर्न्तगत मुख्य परीक्षा भी विद्याज्ञान प्रारम्भिक लिखित परीक्षा दिनांक 01 दिसम्बर 2024 की भाँति होगी। परीक्षा प्रक्रिया अर्न्तगत सम्पूर्ण प्रश्न पत्र विषयवार 4 खण्डों में विभाजित होगा और प्रत्येक प्रश्न के एक से अधिक सम्भावित उत्तर के विकल्प होंगे तथा परीक्षार्थी को उनमें से किसी एक को चयन कर सही उत्तर को उत्तर–पुस्तिका (OMR Sheet) पर दर्शित उपयुक्त गोले को काला कर उत्तर देना है। परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र के प्रत्येक खण्ड में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

4. **अनिवार्यता**– आवेदक एवं अभिभावक (प्रत्येक के नाम सहित) के साथ आवेदक अभ्यर्थी के आवास की पृष्ठभूमि में लिया गया फोटो की छाया प्रति, राजस्व विभाग द्वारा अभिभावक के पक्ष में निर्गत आय तथा स्थायी निवास प्रमाण–पत्र की छाया प्रति, अभ्यर्थी का प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा सम्बन्धी प्रवेश पत्र, अध्ययनरत विद्यालय के कक्षा 3, 4 तथा कक्षा 5 (अर्द्ध वार्षिक) के परीक्षाफल की छायाप्रति, शिक्षा विभाग द्वारा निर्गत आयु सम्बन्धी प्रमाण–पत्र की छाया प्रति और समस्त छाया प्रति प्रमाण पत्रों पर ओ0एम0आर0 / यूनीक नम्बर लिख कर संलग्न प्रपत्र पर अग्रिम रूप से भर कर साथ में लाकर मुख्य परीक्षा से पूर्व ही विद्याज्ञान परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से जमा किया जाना है। उपरोक्त अभिलेखों के अभाव में अभ्यार्थी एंव अभिभावक को साधरण श्रेणी का यात्रा व्यय अनुमन्य नहीं होगा ।

इस सम्बन्ध में अन्य जानकारी विद्याज्ञान के टोल फ्री नं01800–102–1784 / 91–5862350101 / +91–9634098003 से भी ज्ञात की जा सकती है।

भवदीय,

संलग्नक : 1. अभिलेख जमा करने सम्बन्धी प्रपत्र का प्रारूप
2. यात्रा व्यय धनराशि का भुगतान सम्बन्धी प्रारूप

ह0
(एस0के0माहेश्वरी)
परियोजना निदेशक